


# Single Assessment System

# [एकल आकलन प्रणाली]

हम वृद्ध देखभाल आकलनों में सुधार कर रहे हैं, ताकि आपके लिए वृद्ध देखभाल में प्रवेश करना और अपनी आवश्यकताओं में परिवर्तन होने के साथ अलग-अलग सेवाएं एक्सेस करना अधिक आसान हो सके।

## Single Assessment System क्या है?

वृद्ध देखभाल के लिए Single Assessment System के 3 प्रमुख भाग हैं:

- **Integrated Assessment Tool (IAT) [एकीकृत आकलन संसाधन (आईएटी)]** 1 जुलाई 2024 को ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा वित्त-पोषित वृद्ध देखभाल की पात्रता के आकलन के लिए एक नए संसाधन के रूप में शुरू किया गया
- **Single Assessment System [एकल आकलन प्रणाली] कार्यबल** 9 दिसंबर 2024 से शुरू करके 3 अलग-अलग आकलन कार्यबलों को एक-साथ लाएगा
- **नए First Nations assessment organisations [प्रथम राष्ट्र आकलन संगठन]** वयोवृद्ध एबोरिजनल और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों को सांस्कृतिक रूप से अधिक सुरक्षित मार्गपथ उपलब्ध कराने के लिए 1 जुलाई 2025 से शुरू किए जाएंगे।

नई प्रणाली सरकार द्वारा वित्त-पोषित सभी तरह की घर पर व अनुकूलनशील देखभाल और आवासीय वृद्ध देखभाल में प्रवेश के लिए एक ही आकलन मार्गपथ उपलब्ध कराएगी। यहः

- आपके, आपके परिवार और देखभालकर्ताओं के लिए समझने-बूझने में आसान होगी
- सुनिश्चित करेगी कि आपको केवल एक ही बार अपनी कहानी बतानी पड़े
- आपकी परिवर्तित होती हुई आवश्यकताओं के लिए आकलन प्रदाता बदले बिना अनुकूल होगी
- क्षेत्रीय, ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में आकलनों की सुलभता सुनिश्चित करेगी
- आकलनों के लिए प्रतीक्षावधियाँ कम करेगी।

वृद्ध देखभाल पात्रता आवश्यकताओं या तात्कालिक सेवाओं के लिए रेफरल में कोई भी परिवर्तन नहीं होंगे।

## Single Assessment System कार्यबल क्या है?

पहले आकलन के लिए अलग-अलग मार्गपथ थे। इसके परिणामस्वरूप आकलन सुसंगत नहीं थे और वृद्धजनों को अपनी आवश्यकताओं में परिवर्तन होने पर अक्सर अन्य संगठनों में स्थानांतरण करना पड़ता था।

Single Assessment System कार्यबल केवल एक ही आकलन मार्गपथ प्रदान करता है, जो आवश्यकताओं में परिवर्तन होने पर आकलन प्रदाता बदले बिना ही तेजी से अनुकूल बन सकता है।

9 दिसंबर 2024 से, **aged care needs assessments [वृद्ध देखभाल आवश्यकताएं आकलन]** करने वाले सभी संगठन इन दोनों कार्यों में सक्षम होंगे:

- राष्ट्रमंडल गृह समर्थन कार्यक्रम (CHSP) के लिए **home support assessments [गृह समर्थन आकलन]**
- होम केयर पैकेज (HCP) कार्यक्रम, अनुकूलनीय वृद्ध देखभाल कार्यक्रमों, आवासीय राहत और आवासीय वृद्ध देखभाल में प्रवेश के लिए **comprehensive assessments [व्यापक आकलन]**।

कुछ आकलन संगठन **residential aged care funding assessments [आवासीय वृद्ध देखभाल निधीकरण आकलन]** करेंगे, ताकि आवासीय वृद्ध देखभाल में बसने के बाद वृद्धजन के लिए Australian National Aged Care Classification (AN-ACC) [ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय वृद्ध देखभाल वर्गीकरण (एएन-एसीसी)] निर्धारित किया जा सके।

Residential aged care funding assessment करने वाले अधिकांश संगठन पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में उपलब्धता और सुलभता के विस्तार के लिए aged care needs assessments भी करेंगे।

राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारें अस्पताल में आधारित आकलन करना जारी रखेंगी। यदि आपको अस्पताल में रहते हुए आकलन की आवश्यकता है, तो आपको अगला उपलब्ध आकलनकर्ता आवंटित किया जाएगा।

Department of Health and Aged Care [स्वास्थ्य एवं वृद्ध देखभाल विभाग] आरंभ करने व छोड़कर जाने वाले आकलन संगठनों के साथ मिलकर काम करेगा, ताकि Single Assessment System कार्यबल में सुचारू पारगमन समर्थित किया जा सके और सेवाओं में कोई भी अंतराल न होना सुनिश्चित किया जा सके।

## मैं aged care needs assessment के लिए आवेदन कैसे कर सकता/ती हूँ?

इसमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है कि आप aged care needs assessment के लिए आवेदन कैसे कर सकते/ती हैं। लेकिन Single Assessment System का उद्देश्य इस प्रक्रिया को आसान बनाना है।

आपको, या आपकी ओर से किसी प्रतिनिधि (यानि परिजन या देखभालकर्ता) को यह करना होगा:

- My Aged Care [मेरी वृद्ध देखभाल] वेबसाइट पर जाकर 'आकलन के लिए ऑनलाइन आवेदन करें'
- My Aged Care को **1800 200 422** (नि:शुल्क कॉल) पर कॉल करें, कार्यदिवसों में सुबह 8बजे से रात 8बजे के बीच और शनिवार को सुबह 10बजे से दोपहर 2बजे के बीच (स्थानीय समय)
- कुछ चयनित Services Australia सेवा केंद्रों में एक Aged Care Specialist Officer (ACSO) [वृद्ध देखभाल विशेषज्ञ अधिकारी] के साथ आमने-सामने का एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए **1800 277 475** पर कॉल करें, कार्यदिवसों में सुबह 8बजे से शाम 5बजे के बीच।

My Aged Care:

- यदि आप पहली बार कॉल कर रहे/ही हैं, तो आपको My Aged Care के साथ रजिस्टर कर सकती है
- आपकी संभावित आवश्यकता की वृद्ध देखभाल सेवाओं के बारे में चर्चा करने के लिए आपसे कुछ प्रारंभिक प्रश्न पूछ सकती है
- आपके स्थानीय क्षेत्र में किसी आकलन संगठन के प्रति आपको रेफर कर सकती है।

आपके रेफरल की स्वीकृति के 2 सप्ताहों के अंदर किसी आकलन संगठन के Triage Delegate [ट्राइएज प्रतिनिधि] आपको कॉल करेंगे। आपकी आवश्यकतानुसार सही प्रकार के aged care needs assessment की बुकिंग में आपकी सहायता के लिए यह छोटी कॉल होगी।

## मैं अपने आकलन के लिए प्रतीक्षा कर रहा/रही हूं, मेरे साथ क्या होगा?

यदि आपने My Aged Care से संपर्क किया है और आप किसी आकलन संगठन द्वारा आपसे संपर्क किए जाने की प्रतीक्षा कर रहे/ही हैं, तो इस समय आपको और कुछ करने की आवश्यकता नहीं है। एक स्थानीय आकलन संगठन आपके रेफरल की स्वीकृति के 2 सप्ताहों के अंदर आपके आकलन की बुकिंग के लिए आपको कॉल करेगा।

यदि आपके पास पहले से ही आकलन की बुकिंग है, तो कुछ भी नहीं बदलेगा। आपकी बुकिंग के समय और तिथि पर एक आकलनकर्ता आपका आकलन करने के लिए आपके घर पर आएगा।

## क्या आकलन करने के तरीके में कोई बदलाव होंगे?

आकलनों को आमने-समने, आपके घर पर या आवश्यकतानुसार अस्पताल में किया जाना जारी रहेगा।

Single Assessment System अनुकूलनशील है और वृद्धजन को आकलन संगठन बदलने की ज़रूरत के बिना ही उनकी बदलती हुई आवश्यकताओं के अनुकूल होगा।

आपके आकलन के दौरान आपको उसी आकलन संगठन द्वारा समर्थित किया जाएगा, भले ही वे आवश्यकताओं में परिवर्तन की पहचान करें:

- यदि एक नैदानिक आकलनकर्ता द्वारा आपका comprehensive assessment [व्यापक आकलन] किया जा रहा है, तो वे आवश्यकतानुसार इसे home support assessment में बदल सकते हैं।
- यदि किसी गैर-नैदानिक आकलनकर्ता द्वारा आपका home support assessment किया जा रहा है, तो वे नैदानिक निर्णय की आवश्यकता वाले प्रश्नों पर चर्चा करने के लिए किसी नैदानिक आकलनकर्ता को (फोन या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से) कॉल कर सकते हैं। यदि कोई नैदानिक आकलनकर्ता तुरंत उपलब्ध नहीं है, तो वे बाकी के नैदानिक प्रश्न पूछने के लिए वापस कॉल करेंगे या फॉलो-अप आकलन की व्यवस्था करेंगे।

## क्या पुनराकलनों में कोई बदलाव होंगे?

### Aged care needs assessments

पुनराकलनों और Support Plan Reviews [समर्थन योजना समीक्षाओं] की प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं हुआ है - यदि आपकी आवश्यकताओं में कोई परिवर्तन होता है, तो आपको, आपके किसी परिजन या वृद्ध देखभाल प्रदाता को My Aged Care से संपर्क करना होगा।

Single Assessment System के तहत आप किसी अन्य आकलन संगठन के साथ अपना पहला पुनराकलन या Support Plan Review करा सकते/ती हैं।

भविष्य में आपके सभी पुनराकलनों के लिए वही आकलन संगठन होगा। आकलनकर्ताओं का Support Plan Reviews के लिए सेल्फ-रेफर करने में सक्षम होना जारी रहेगा, जिससे आपके लिए अपने पूर्ववर्ती आकलन संगठन के साथ ही रहना अधिक आसान हो जाएगा।

### Residential aged care funding assessment [आवासीय वृद्ध देखभाल निधीकरण आकलन]

Residential aged care funding reassessments की प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

अधिकांश मामलों में आपके आवासीय वृद्ध देखभाल प्रदाता आपकी आवश्यकताओं में परिवर्तनों को पूरा करने के उद्देश्य से आपके AN-ACC वर्गीकरण में समायोजन के लिए एक पुनराकलन का निवेदन करेंगे। एक स्थायी वृद्ध देखभाल निवासी के रूप में आप या आपका परिवार भी My Aged Care से संपर्क करके पुनराकलन का निवेदन कर सकता है।

Residential aged care funding assessments में रेफरलों के आवंटन के लिए एक स्वत: प्रक्रिया है। इससे यह गारंटी नहीं मिल सकती है कि आपको वही आकलन संगठन या आकलनकर्ता मिलेगा।

## और अधिक जानकारी

निम्नलिखित के बारे में और अधिक जानकारी के लिए My Aged Care वेबसाइट पर जाएँ:

- आकलन प्रक्रिया
- आकलन के लिए आवेदन कैसे करें
- आकलन के लिए तैयारी करना
- पुनराकलन कब कराएं।

यदि आपके पास और प्रश्न हैं, तो कृपया My Aged Care से **1800 200 422** पर संपर्क करें।

वैकल्पिक रूप से आप ACSO के साथ आमने-सामने का एपॉइंटमेंट बुक करने के लिए **1800 277 475** पर कॉल कर सकते/ती हैं या किसी Services Australia सेवा केंद्र पर जा सकते/ती हैं।

**This has been translated into Hindi. To read this fact sheet in other languages, visit the department’s website.**